# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-29.11.2023**

## थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा वाहन चोर मो0 जहांगीर खां गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 अदद मोटर साइकिल बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम, चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के नेतृत्व में थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मो0 जहांगीर खां पुत्र अनवर खां निवासी-बलबद्रा थाना नवादा जिला भोजपुर आरा बिहार को दिनांक-28.11.2023 को समय करीब 16.35 बजे फुलवरिया के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 01 अदद मोटर साइकिल को बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैण्ट मे मु0अ0सं0-0541/23 धारा 411/413 भा0द0वि0 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**विवरण पूछताछ-** अभियुक्त मो0 जहांगीर खां ने पूछताछ करने पर बताया कि यह गाड़ी मैंने जुलाई 2023 मे लोहता क्षेत्र से चोरी किया था और तभी से यह गाड़ी अपने पास रखकर चलाता हूँ। आज मै इसे बेंचने के लिए ग्राहक का इन्तजार कर रहा था कि आप लोंगो ने पकड़ लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

मो0 जहांगीर खां पुत्र अनवर खां निवासी-बलबद्रा थाना नवादा जिला भोजपुर आरा बिहार, उम्र करीब 32 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण-**

01 अदद चोरी की मोटर साइकिल हीरो सुपर स्पलेण्डर रंग काला,चेसिस नम्बर MBLJAR031H9B00456 व इंजन नम्बर JA05EGH9B00367 बरामद। (संबंधित मु0अ0सं0-0184/23 धारा 379 भा0द0वि0 थाना लोहता)

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1.उ0नि0 मनोज कुमार तिवारी थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
2.उ0नि0 गौरव कुमार सिंह थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
3.हे0का0 बृजबिहारी ओझा थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
4.का0 अंकित मिश्रा थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
5.का0 प्रेमशंकर पटेल थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी**

